

# Scholarships Cell

**Nodal: - Dr. Sumit Kumar**

कन्या महाविद्यालय खरखोदा की छह छात्राओ को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में प्रथम द्वितीय और टॉप 10 में विभिन्न स्थान प्राप्त करने पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक छात्रा को 2400 -2400 रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है ।स्कालरशिप नोडल अधिकारी डॉ सुमित कुमार ने बताया की छात्रा खुशी बी ए तृतीय वर्ष ,रश्मि बी ए तृतीय वर्ष, तमन्ना बी वोकेशनल होटल प्रबंधन तृतीय वर्ष, चिंकी बी.वोकेशनल फिजियोथैरेपी तृतीय वर्ष, तनु दहिया एम.वोकेशनल फिजियोथैरेपी प्रथम वर्ष और साक्षी बी.वोकेशनल होटल प्रबंधन से पास आउट छात्रा है ।इन 6 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई है ।कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला ने सभी छात्राओं को आज चेक प्रदान किए और उनको हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्या ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह इन छात्राओं की कड़ी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि इन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की मेरिट सूची में विभिन्न स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कालरशिप के नोडल अधिकारी डॉ सुमित कुमार द्वारा बच्चो को भविष्य में ओर अधिक मेहनत के साथ शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया ।सभी छात्राओं को इसी तरह खेलों और अन्य गतिविधियों के साथ- साथ अपनी पढ़ाई मन लगाकर करनी चाहिए और इसी तरह अपने माता-पिता और महाविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए।



छात्रा तनु दहिया एम.वोकेशनल फिजियोथैरेपी प्रथम वर्ष को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 2400 रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। कॉलेज कार्यकारिणी समिति प्रधान श्री वेद प्रकाश दहिया जी के साथ प्रबंधन समिति के अन्य पदाधिकारी उपप्रधान श्री सतवीर दहिया जी, मुख्य सचिव श्री नीरज दहिया जी सचिव श्री कुलदीप दहिया तथा कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र गनौत्राऔर कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला और।स्कालरशिप नोडल अधिकारी डॉ सुमित कुमार  द्वारा छात्रा तन्नु दहिया को सम्मानित किया गया।

